Shortage of Doctors in AIIMS

7721. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether there has an actue shortage of doctors in the AIIMS, New Delhi following massive brain drain of doctors from the Institute;

(b) if so, the details of the doctors who resigned their jobs to take up foreign assignments during the last two years, year-wise; and

(c) the remedial steps taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

गुजरात में "एड्स" के मामले

7722. **श्री गोपाल सिंह जी० सोंलकी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात में अब तक "एडस" के कितने मामलों का पता लगाया गया है;

(ख) राज्य के उन अस्पतालों का ब्यौरा क्या है, जिनमें "एड्स" परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार ने गुजरात में विदेशी सहायता से "एड्स" नियंत्रण कार्यक्रम लागू किया है;

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस कार्यक्रम की समीक्षा की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) (क) 31 मई, 1994 तक गुजरात के 18 एड्स रोगियों की सूचना मिली है।

(ख) एच०आई०वी० / एड्स जांच सुविधाएं बी०जे० मेडिकल कालेज, अहमदाबाद के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में चल रहे निगरानी केन्द्रों तथा निम्नलिखित जोनल रक्त जांच केन्द्र में उपलब्ध हैं:—

1. रक्त बैंक, सूरत मेडिकल कालेज, सूरत।
2. रक्त बैंक, गवर्नमेण्ट मेडिकल कालेज, बड़ोदरा।
3. रक्त बैंक, बी०जे० मेडिकल कालेज, अहमदाबाद।
4. रक्तबैंक, एम०पी०शाह अस्पताल, जामनगर।
5. रक्तबैंक, जिला अस्पताल, जूनागढ़।
6. रक्तबैंक, सिविल अस्पताल, अमरेली।

(ग) जी,हां।

(घ) जी,हां।

(ङ) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के कार्यान्वयनकी पर्यवेक्षी दौरों,समीक्षा बैठकों प्रगतिरिपोर्टों के माध्यम से समय समय पर समीक्षा की जाती है।

Social Development Commission for new Population Policy

7723. DR. NAUNNIHAL SINGH: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an independent Social Development Commission was set up to enunciate a new population policy for India; if so, what are the details thereof;

(b) what are the details of functions of this Social Development Commission; and

(c) whether this Commission has started working, if so, what are the details of its achievement so far?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) and (C) No, Sir. A Group of Experts under the Chairmanship of Dr. M.S. Swaminathan was set up in July, 1993 to prepare a preliminary draft of the

National Population Policy.

The Group has submitted its Report on 24th May, 1994.

नई गर्भास्त्रावकारी गोली आर०यू०-486 की विशेषताएं

7724. **श्री अजीत जोगी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह नई गर्भस्त्रावकारी गोली आर०यू०-486 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है;

(ख) यदि हां,तो इसकी मुख्य विशेषताएं क्या है और यह गोली परिवार नियोजन की एक सुरक्षित विधि के रूप में अपनाने के लिए किस हद तक प्रभावी है और इसके दुष्प्रभावों से किस सीमा तक बचा जा सकता है;

(ग) क्या कुछ महिला सगंठनों ने इस गोली का उपयोग किए जाने की आलोचना की है; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) (क) और (ख) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद प्रोस्टाग्लैंडिन के साथ आर० यू०-486 के चरण II नैदानिक परीक्षण पूरे कर लिए हैं। यह मिश्रण प्रभावी गर्भस्त्रावकारी पाया गया है।

(ग) और (घ) जी हां। इस गोली का गर्भपात के लिए उपयोग करने के बारे में तीसरे चरण में नैदानिक परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ही विचार किया जा सकेगा।

मधुमेह के उपचार में मेथी के बीजों के उपयोग संबंधी अध्ययन

7725. **श्री अजीत जोगी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद ने वर्ष 1990 के दौरान मधुमेह पर नियंत्रण करने के लिए मेथी के बीजों की उपयोगिता का अध्ययन करने के लिए एक प्रोजेक्ट आरंभ किया था;

(ख) क्या इस अध्ययन से यह पता चला है कि मधुमेह की शुरूआत वाले रोगियों, अर्थात् इंसुलिन पर निर्भर रहने वाले व्यक्तियों के उपचार में मेथी के बीज प्रभावी सिद्ध हुए हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए मेथी के बीजों का व्यावसायिक संदोहन करने के संबंध में कोई अन्य अध्ययन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो अध्ययन के परिणामों पर आगे कार्रवाई करने के संबंध में कोई कदम न उठाने के क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) और (ख) जी हां। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय पोषण संस्थान द्वारा किये गये अध्ययन से, अन्य बातों के साथ-साथ निष्कर्ष निकला है कि दैनिक आहार में मेथी के बीज (फेनुग्रीक) शामिल करने से टाइप एक श्रेणी सहित मधुमेह के उपचार में एक प्रभावकारी सहायक चिकित्सा हो सकती है। वैसे, यह अवयव औषधियों का स्थान नहीं ले सकता।

(ग) से (ङ) मेथी कड़वी है और अतः इसका 25-100 ग्राम/प्रतिदिन, जिसके दैनिक सेवन करने की मात्रा की सिफारिश की जाती है, सेवन करना कठिन है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने मेथी की इस मात्रा का सेवन करना संभव बनाने के लिए कई नुस्खे तैयार किए हैं।

Officers in Deputation to WHO

7726. SHRI V. RAJAN CHELLAPPA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the number of Central Government servants presently on deputation to the World Health Organisation;

(b) whether such officials are eligible for pension;

(c) whether Government propose to discontinue this system of deputation to WHO; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) (a) None.

(b) to (d) Do not arise.